Under CSR Support by Ipca | Foundation missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय – 5 | जैव प्रक्रम

QUIZ PART-04

1. **मानव लार में उपस्थित एंजाइम कौन सा होता है?**
A. पेप्सिन B. एमाइलेज
C. लाइपेज D. ट्रिप्सिन (B)
*व्याख्या:* लार में एमाइलेज एंजाइम होता है जो स्टार्च को सरल शर्करा में तोड़ता है।

2. **आमाशय में पाचन के दौरान कौन-कौन से रस स्रावित होते हैं?**
A. एमाइलेज और ट्रिप्सिन
B. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, पेप्सिन और श्लेष्मा
C. बाइल और लैक्टेज
D. लाइपेज और एंटरोकिनेज (B)
*व्याख्या:* आमाशय की ग्रंथियों से हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, पेप्सिन (प्रोटीन पाचक एंजाइम), और श्लेष्मा का स्रवण होता है।

3. **ग्रासनली में भोजन को नीचे की ओर धकेलने की क्रिया क्या कहलाती है?**
A. एंजाइम क्रिया B. अंतः स्रावण
C. क्रमाकुंचन गति D. प्रतिवर्त गति (C)
*व्याख्या:* क्रमाकुंचन गति भोजन को आहार नली में आगे बढ़ाने वाली पेशीय संकुचन क्रिया है।

4. **अग्न्याशय द्वारा स्रावित वसा पाचक एंजाइम कौन सा है?**
A. पेप्सिन B. ट्रिप्सिन
C. एमाइलेज D. लाइपेज (D)
*व्याख्या:* लाइपेज वसा को वसा अम्ल और ग्लिसरॉल में परिवर्तित करता है।

5. **किस अंग से बाइल (पित्त रस) स्रवित होता है?**
A. आमाशय B. यकृत
C. छोटी आंत D. अग्न्याशय (B)
*व्याख्या:* यकृत बाइल का स्रवण करता है जो वसा को छोटे कणों में तोड़ने में मदद करता है।

6. **छोटी आंत की भीतरी सतह पर स्थित अंगुली जैसे संरचनाओं को क्या कहा जाता है?**
A. दीर्घरोम B. नेफ्रॉन
C. अल्वियोली D. श्लेष्मा (A)
*व्याख्या:* दीर्घरोम छोटी आंत की सतह पर होते हैं जो अवशोषण की सतह को बढ़ाते हैं।

7. **लार ग्रंथियों की कुल संख्या कितनी होती है?**
A. 1 जोड़ी B. 2 जोड़ी
C. 3 जोड़ी D. 4 जोड़ी (C)
*व्याख्या:* मानव में 3 जोड़ी लार ग्रंथियाँ होती हैं जो लार का निर्माण करती हैं।

8. **आमाशय में अम्लीय वातावरण किसके कारण बनता है?**
A. बाइल B. एमाइलेज
C. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल D. ट्रिप्सिन (C)
*व्याख्या:* आमाशय में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का स्रवण अम्लीय माध्यम बनाता है जो पेप्सिन की क्रिया के लिए आवश्यक होता है।

9. **मानव पाचन तंत्र में किस अंग में भोजन का सम्पूर्ण पाचन होता है?**
A. आमाशय B. बड़ी आंत
C. ग्रासनली D. छोटी आंत (D)
*व्याख्या:* छोटी आंत में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा का पूर्ण पाचन होता है।

10. **बड़ी आंत का मुख्य कार्य क्या है?**
A. प्रोटीन का पाचन B. वसा का पाचन
C. जल का अवशोषण D. बाइल का स्रवण (C)
*व्याख्या:* बड़ी आंत अपचित भोजन से जल का अवशोषण करती है और शेष को गुदा द्वारा बाहर निकालती है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App